<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय सेना ने कश्मीर में चलाया ऑपरेशन महादेव, मुठभेड़ में मारे गए पहलगाम हमले में शामिल तीन आंतकवादी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अगस्त को वाराणसी में दो हजार दो सौ अड़तालीस करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तैयारियों की समीक्षा।
- प्रदेश सरकार ने कल देर शाम तेईस आईएएस अधिकारियों का किया तबादला, दस जिलों के जिलाधिकारी बदले।
- प्रदेश भर में आज श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है नागपंचमी का त्योहार।

**********

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को कल सेना ने मार गिराया। ऑपरेशन महादेव के तहत कल सुबह श्रीनगर में हरवान के लिडवास क्षेत्र में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में इन आतंकियों को मारा गया।

इस बीच, लोकसभा में कल ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की कारवाई को सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया। अपने वक्तव्य में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर पर कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि संघर्ष के पहले और उसके दौरान जो भी राजनीतिक तथा सैन्य लक्ष्य तय किए गए थे उसे हम पूरी तरह से हासिल कर चुके थे।

***भारत ने कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि कंफ्लीक्ट के पहले और उसके दौरान जो भी पॉलीटिकल और मिलिट्री ऑब्जैक्टिव्स तय किए गए थे उसे हम पूरी तरह से हासिल कर चुके थे, इसलिए यह कहना, यह मानना की ऑपरेशन किसी दबाव में रोका गया, यह बेबुनियाद है और सरासर गलत है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इससे पहले उन्होंने वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ भी विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना भी की। उन्होंने देर शाम दुर्गाकुण्ड स्थित स्वामी करपात्री जी महाराज के तपोस्थली का दौरा किया। स्वामी करपात्री जी के एक सौ अठारहवें प्राकट्य उत्सव पर मुख्यमंत्री ने धर्मसंघ पहुंच कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मुख्यमंत्री आज सेवापुरी विधान सभा क्षेत्र के बनौली गांव स्थित प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का दौरा कर सुरक्षा, पार्किंग स्थल, पेयजल और यातायात सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। वह आज प्रयागराज जिले का भी दौरा करेंगे।

मुख्यमंत्री के दौरे से पहले, वाराणसी के मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे के बारे में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के इक्यावनवें दौरे पर वाराणसी को दो हजार दो सौ अड़तालीस करोड़ की लागत वाली चौवन विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

***इसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा लगभग पंद्रह प्रोजेक्ट छह सौ तीस करोड़ का इसका लोकार्पण किया जायेगा और लगभग अड़तीस प्रोजेक्ट जो सोलह सौ अठारह करोड़ का उसका शिलान्यास किया जायेगा। इस प्रकार कुल बाईस सौ अड़तालीस करोड़ का प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास की जाएगी। अब की बार ये बनौली जो क्षेत्र में प्रस्तावित है। उस क्षेत्र में इसके पहले कोई जनसभा नहीं हुई है और जो सुरक्षा से संबंधित और अन्य जो तैयारियां हैं वो सारी तैयारियां जिला प्रशासन लगभग पूरा कर चुके हैं और वहां जो और व्यवस्थाएं होनी चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से आने वाले लोगों के लिए जो मूलभूत सुविधाएं हैं उसकी दृष्टि से वो सारी तैयारियां कर चुके हैं।***

**********

अवैध धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार मुख्य आरोपित जमालुद्दीन उर्फ छांगुर को प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने कल विशेष अदालत में पेश किया। ईडी ने जमालुद्दीन से पूछताछ के लिए कोर्ट से चौदह दिन के कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दाखिल की थी। कल मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने पांच दिन की कस्टडी रिमांड स्वीकार कर ली।

**********

नवोदय विद्यालयों में नवीं और ग्यारहवीं कक्षा में सत्र दो हजार छब्बीस सत्ताईस में सीधे प्रवेश के लिए तेईस सितंबर दो हजार पचीस तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए सिलेक्शन टेस्ट सात फरवरी दो हजार छब्बीस को आयोजित किया जाएगा।

**********

प्रदेश सरकार ने कल देर शाम दस जिलाधिकारी सहित तेइस आईएएस अफसरों का स्थानांतरण कर दिया। इस स्थानांतरण सूची के अनुसार अयोध्या के मण्डलायुक्त और सीतापुर के मुख्य विकास अधिकारी भी बदल गये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रदेश सरकार की ओर से जारी आईएएस अफसरों की स्थानांतरण सूची के अनुसार गोरखपुर, गाजियाबाद, प्रयागराज, गौतमबुद्धनगर, कासगंज, कानपुर देहात, बहराइच, ललितपुर, मिर्जापुर और गोण्डा के जिलाधिकारी बदल गये हैं। दीपक मीणा को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है जबकि गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा प्रयागराज के जिलाधिकारी पद की जिम्मेदारी सभालेंगे। कासगंज की जिलाधिकारी मेधा रूपम को गौतमबुद्धनगर का जिलाधिकारी बना दिया गया है। प्रणय सिंह को कासगंज, कपिल सिंह को कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी को बहराइच, अमनदीप डुली को ललितपुर, पवन कुमार गंगवार को मिर्जापुर, प्रियंका निरंजन को गोण्डा और रवीन्द्र कुमार मंदर को गाजियाबाद, का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजेश कुमार अयोध्या के नये मण्डलायुक्त होंगे। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द गुप्ता।***

**********

नागपंचमी का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जौनपुर के गौरी शंकर और त्रिलोचन महादेव मंदिर में नागपंचमी की पूजा के लिये भक्तों की कतार तड़के से ही लग गयी। अन्य जिलों में भी श्रद्धालु भगवान शंकर और नाग देवता की पूजा के लिये शिव मंदिरों और शिवालयों में पहुंचने शुरू हो गये हैं। उधर, इस पर्व के उपलक्ष्य में गोरखपुर में कल से दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत हुयी। प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विभिन्न भारवर्ग में प्रदेश भर से आये पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। आज प्रतियोगिता का समापन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। वह विजेता पहलवानों को पुरस्कृत भी करेंगे।

**********

रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा ने कल प्रयागराज के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा पेंशन कार्यालय में रक्षा पेंशन पर आधारित गैलरी धरोहर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ.शर्मा ने कहा कि प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक द्वारा ऑटोमेटेड प्रणाली स्पर्श के माध्यम से पिछले एक वर्ष में चार लाख से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया।

***बहुत सारे पेंशनर्स ऐसे थे लगभग साढ़े छह लाख जो पहले अलग अलग स्थानों से पेंशन देते थे और ये कहा गया की उनकी पेंशन को भी स्पर्श में ले आये। तो बत्तीस लाख में से बाकी सबकी पेंशन बिल्कुल करेक्ट थी। इनमें कुछ डाटा में प्रॉब्लम थी और वो डाटा को हमने स्पर्श में लाकर उसको ठीक करने का एक बहुत बड़ा अभियान चलाया है और मुझे बताते हुए हर्ष होता है की उस अभियान के तहत लगभग पाँच लाख पेंशनर्स का डाटा हम बहुत कम समय में लगभग चार पाँच महीने में करेक्ट कर पाए है और बाकी भी बहुत जल्दी कर लेंगे।***

**********

लखनऊ सहित प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में बीते अड़तालीस घंटे से रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। लगातार वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है हालांकि कुछ स्थानों पर जल–जमाव होने के चलते जन–जीवन प्रभावित भी हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा का यह क्रम रूक–रूक कर अगले तीन से चार दिनों तक जारी रह सकता है। विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अगले चौबीस घंटे में भारी वर्षा होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********

उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन, प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेजबानी के लिए दावेदारी प्रस्तुत करेगा। यह फैसला एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में लिया गया। बैठक में उपमुख्यमंत्री और एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक और प्रसार भारती के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

**********